कार्यालय प्राचार्य
**शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.)**
**Website - http://www.govtcollegegunderdehi.in/** **Email Id – gskycollege@gmail.com**
**Pin - 491223** **Phone No. - 0788-2628100**

गुण्डरदेही, दिनांक – **01-12-2022**

# // सूचना //

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के द्वारा आयोजित सत्र 2022-23 की स्नातक (नियमित/अमहाविद्यालयीन/भूतपूर्व/पूरक) के परीक्षार्थियों से ऑनलाईन पद्धति द्वारा http://ucanapply.com अथवा www.durguniversity.ac.in के माध्यम से मुख्य वार्षिक परीक्षा 2023 हेतु आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई है:–

| क्र. | परीक्षा आवेदन | आवेदन करने की तिथि |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन द्वारा सम्पूर्ण परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथि **(बिना विलंब शुल्क )** | **01-12-2022 से 24-12-2022 तक** |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन द्वारा सम्पूर्ण परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथि **(रू.100/- विलंब शुल्क के साथ)** | **25-12-2022 से 28-12-2022 तक** |
| 03 | परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन फार्म की हार्डकॉपी समस्त संलग्नकों संहित (शासकीय महाविद्यालय, गुण्डरदेही, कार्यालय) में समय **अपराह्न 02:00 से 04:00** बजे तक (निर्धारित शुल्क **रू. 430/- अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों हेतु)** एवं नियमित परीक्षार्थियों हेतु **अग्रेषण शुल्क रू. 30/-** के साथ जमा करने की अंतिम तिथि | **29-12-2022 तक** |

## अनिवार्य निर्देश :–

**01.** **परीक्षार्थी ऑनलाईन आवेदन भरने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना एवं दिशा निर्देशों का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें। (विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना अवलोकन हेतु संलग्न है।)**

**02.** **परीक्षार्थी अपने ऑनलाईन परीक्षा फार्म रजिस्ट्रेशन एवं OTP हेतु केवल अपने स्वयं का ही मोबाईल नंबर (Whats'app Number) का ही उपयोग करें। (इंटरनेट कैफे व अन्य किसी व्यक्ति के मोबाईल नम्बर का उपयोग ना करें।**

**03.** **ऑनलाईन परीक्षा फार्म अपने स्वयं की देखरेख में ही भरें, जिससे परीक्षा फार्म भरते समय होने वाली त्रुटियों से बचा जा सके।**

**04.** **इस परीक्षा केन्द्र में बी.एससी. भाग एक, दो एवं तीन की कक्षा में अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक छात्र – छात्राएं महाविद्यालय में पंजीयन कराने के उपरान्त ही ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरें एवं महाविद्यालय से प्राप्त रसीद की छायाप्रति परीक्षा आवेदन फार्म की हार्डकॉपी के साथ संलग्न कर कार्यालय में जमा करेंगे।**

क्रमशः ..

# विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा 2023

## परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी के साथ संलग्न कर जमा करने वाले दस्तावेजों की सूची

## दस्तावेज नीचे लिखे अनुसार जमाएं

**01.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म की हार्डकॉपी। **(दो प्रतियों में महाविद्यालय में जमा करें एवं एक प्रति अपने पास अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखें।)**

02. दसवीं कक्षा उत्तीर्ण मूल अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

03. बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण मूल अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

04. स्नातक प्रथम वर्ष, स्नातक द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण मूल अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

05. जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

06. निवासी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी के लिये यह आवश्यक है कि वह विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में अर्थात दुर्ग, बेमेतरा, बालोद कबीरधाम, राजनांदगांव जिले का मूल निवासी हो अथवा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि से 12 माह पहले से निवास कर रहा हो)

07. आधार कार्ड की छायाप्रति।

08. गत वर्ष की परीक्षा किसी अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होने की स्थिति में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से प्राप्त पात्रता प्रमाण पत्र की मूल प्रति।

09. गेप होने की स्थिति में गेप प्रमाण पत्र (नोटरी का शपथ पत्र) की मूल प्रति।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

*ई मेल : exam@durguniversity.ac.in* *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*


क्रमांक 1553/परीक्षा/वार्षिक/22–23 दुर्ग, दिनांक 30/11/2022

## // अधिसूचना //

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित सत्र 2022–23 की स्नातक (नियमित/अमहाविद्यालयीन/भूतपूर्व/पूरक), एम.फिल., पीजी डिप्लोमा परीक्षा एवं स्नातकोत्तर (अमहाविद्यालयीन) के परीक्षार्थियों से **ऑनलाईन पद्धति से** https://durg.ucanapply.com अथवा **www.durguniversity.ac.in** के माध्यम से **मुख्य (वार्षिक) परीक्षा 2023** हेतु परीक्षा आवेदन फार्म भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

| क्र | परीक्षा आवेदन | आवेदन करने की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण परीक्षा आवेदन जमा करने की तिथि **(बिना विलंब शुल्क)** | 01.12.2022 से 24.12.2022 तक |
| 2 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण परीक्षा आवेदन जमा करने की तिथि **(समस्त परीक्षार्थियों हेतु) (रू. 100/– विलंब शुल्क के साथ)** | 25.12.2022 से 28.12.2022 तक |
| 3 | **परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नकों सहित संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में जमा करने की अंतिम तिथि** | 29.12.2022 तक |
| 4 | **महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों के जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, नॉमिनल रोल, गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न), शुल्क सूची के साथ परीक्षा केन्द्रों में पहुंचाने की अंतिम तिथि** | 30.12.2022 तक |
| 5 | **परीक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, नॉमिनल रोल, गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न), शुल्क सूची के साथ विश्वविद्यालय पहुंचाने की अंतिम तिथि** | 31.12.2022 तक |

आवश्यक निर्देश:–

- परीक्षार्थियों यदि विश्वविद्यालय आकर परीक्षा आवेदन फार्म में होने वाली त्रुटि का सुधार कराते हैं तो उन्हें राशि रू. 120/– का भुगतान पृथक से करना होगा (परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय से परीक्षा आवेदन में होने वाली त्रुटियों का सुधार निःशुल्क करा सकते हैं।)
- **आवेदन फार्म की हार्डकॉपी अनिवार्य दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालय में जमा करने के पश्चात किसी भी प्रकार का संशोधन मान्य नहीं होगा। अतः परीक्षार्थी अपने परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी की जांच स्वयं कर लेवें और यदि कोई त्रुटि हो तो संबंधित महाविद्यालय में निर्धारित तिथि के मध्य जाकर होने वाली त्रुटि में सुधार करा लेवें।**
- परीक्षार्थी https://durg.ucanapply.com या www.durguniversity.ac.in पर जाकर Quick Link में दिए गये Link - **Annual Exam Form 2023** पर Click कर भर सकते हैं।
- **ऐसे समस्त परीक्षार्थी जो इस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा 2022 में सम्मिलित हुए थे, उन्हें पुनः रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं है वें मुख्य परीक्षा 2022 के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर परीक्षा फार्म भर सकेंगे।**
- **सत्र 2022–23 में प्रवेशित समस्त स्नातक प्रथम वर्ष (वार्षिक) के नियमित विद्यार्थी प्रवेश फार्म भरने के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग करेंगे।**
- ऐसे अमहाविद्यालयीन **(Private)** परीक्षार्थी जो इस वर्ष प्रथम बार परीक्षा फार्म भर रहें हैं, उन्हें **New User Register Now** पर **Click** कर रजिस्ट्रेशन करना होगा तत्पश्चात लागईन कर परीक्षा फार्म भर सकेंगे।

क्रमशः– 02 ......

- परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म रजिस्ट्रेशन एवं OTP हेतु केवल अपने मोबाईल नम्बर का ही उपयोग परीक्षा आवेदन फार्म भरने के लिए करें। (इंटरनेट कैफे व अन्य किसी व्यक्ति के मोबाईल नम्बर का उपयोग न करें।)
- रजिस्ट्रेशन होने के पश्चात आपके इस मोबाईल नम्बर/ईमेल पर User ID एवं Password प्रेषित किया जावेगा। जिसे परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम अथवा अन्य परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु सुरक्षित रखें।
- एक बार उपयोग किए गये मोबाईल नम्बर का उपयोग किसी अन्य परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म भरने में नहीं किया जा सकेगा।
- एक यूजर आई.डी. का उपयोग केवल एक परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन फार्म भरने के लिए किया जाये। एक आई.डी. में एक से अधिक परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- भविष्य में परीक्षा परिणाम की सूचना भी आपके इसी मोबाईल नम्बर पर प्रेषित की जावेगी, अतः छात्र/छात्राएं अपना मोबाईल नम्बर ही परीक्षा आवेदन फार्म में भरें।
- जिन कक्षाओं के पूरक/विथेल्ड/पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना के परीक्षा परिणाम जारी नहीं हुए हैं, उन कक्षाओं के परिणाम जारी होने के 03 दिवस के भीतर परीक्षा आवेदन फार्म भरें। निर्धारित अंतिम तिथि तक परिणाम जारी नहीं होने की स्थिति में ऐसे परीक्षार्थियों को पृथक से परीक्षा आवेदन करने हेतु समय दिया जावेगा।
- परीक्षा आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया एवं निर्देश https://durg.ucanapply.com पर उपलब्ध है, अतः परीक्षा आवेदन फार्म भरने के पूर्व इसका भलिभांति अवलोकन कर लेवें। साथ ही समस्त महाविद्यालय अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर मुख्य परीक्षा 2023 हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से लगवाने की व्यवस्था करावें।
- पात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन की हार्ड कॉपी (समस्त संलग्नकों के साथ) परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए महाविद्यालय, संबंधित परीक्षा केन्द्रों को प्रेषित करेंगे तथा परीक्षा केंद्रों द्वारा उक्त आवेदन पत्रों को विश्वविद्यालय को निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।
- विश्वविद्यालय के अध्यादेश क्रमांक 05 एवं 06 तथा अध्यादेश क्रमांक क्रमशः बी.ए. – 11, बी. एससी.–21, बी.कॉम.–23, बी.एससी (गृहविज्ञान)–27, बी.लिब एण्ड साईंस–14, बी.सी.ए.–107 तथा एम.ए.–13, एम.कॉम.–24, एम.ए./एम.एससी गणित–22 इत्यादि सभी अध्यादेश पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के ही है जिन्हें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा अंगीकृत किया गया है, के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों की हार्डकॉपी (समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित) जमा किए गये परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
- यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन फार्म भरा है और निर्धारित तिथि तक यदि वह अपनी हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करता है तो उसकी परीक्षा आवेदन करने की वैधता समाप्त हो जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई परीक्षा शुल्क की राशि भी वापस नहीं की जावेगी।
- समस्त संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस अधिसूचना में दिये गये निर्देशों की जानकारी अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करावें तथा समस्त संबंधित परीक्षार्थियों को इससे अवगत करावें ताकि उन्हें प्रक्रिया समझने में आसानी हो सके।
- परीक्षा हेतु आवेदन करते समय आने वाली कठिनाईयों पर **हेल्पलाईन नं. 9713387094 / 7225940167** पर अथवा ई–मेल **onlinehelp@durguniversity.in** पर कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।
- परीक्षार्थी महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन भरने के पश्चात अपनी हार्डकापी संलग्नकों सहित जमा करेंगे। संबंधित महाविद्यालय नियत तिथि तक **परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन फार्म अनिवार्य रूप से अग्रेषित कर संबंधित परीक्षा केन्द्रों में जमा करेंगे। संबधित परीक्षा केन्द्र, निर्धारित तिथि तक उक्त महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय में जमा करेंगे।**

क्रमश : 03 ......

- परीक्षा शुल्क की सूची संलग्न की जा रही है। तदनुसार परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क की राशि जमा करेंगे।
- **परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र की 01 छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।**
- विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल होंगे।
- **परीक्षार्थियों द्वारा अग्रेषण शुल्क की राशि रूपये 30/– पृथक से संबंधित महाविद्यालय में जमा करना होगा। जिसकी पावती परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषण शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा।**
- **परीक्षार्थियों द्वारा अग्रेषण शुल्क की राशि रूपये 30/– पृथक से संबंधित महाविद्यालय में जमा करना होगा। जिसकी पावती महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी। जिसमें से रू. 15/– प्रति छात्र की दर से महाविद्यालयों द्वारा संबंधित परीक्षा केन्द्रों में जमा कराना होगा। संबंधित परीक्षा केन्द्र उक्त रू. 15/– का उपयोग परीक्षा के दौरान निर्धारित व्यय में करेंगे।**
- हार्डकापी जमा करने के समय किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कमी पाये जाने पर आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा फीस वापस नहीं होगी अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें कि सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न हो।
- संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लेवें कि परीक्षार्थी के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करा दिये हैं। प्राचार्य की जिम्मेदारी है कि कृपया वे सूक्ष्मतापूर्वक परीक्षण करने के पश्चात निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करें।
- प्रायोगिक विषय वाले कक्षाओं के लिए अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी अपना पंजीयन संबंधित महाविद्यालय में कराएंगे, पश्चात ही वे अपना परीक्षा आवेदन ऑनलाईन प्रक्रिया द्वारा भरेंगे।
- **स्नातक स्तर के समस्त परीक्षार्थियों को प्रथम वर्ष में ही पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।**
- बी.ए./बी.एससी. के परीक्षार्थी एक बार भाग–1 में जिन विषयों का चयन किये है, उन्हीं विषयों का चयन भाग 02 एवं भाग 03 में करेंगे। विषय परिवर्तन करने पर परीक्षा फार्म निरस्त करने योग्य होगा।
- विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं संबंधित पाठ्यक्रमों के अध्यादेश के अनुसार अर्हतादायी परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रमाण स्वरूप अर्हतादायी परीक्षा की अंकसूचियों की सत्यापित प्रतियां नियमानुसार संलग्न करें।
- समस्त परीक्षार्थी पिछली परीक्षा की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।
- **2022 की मुख्य परीक्षा एवं उसके पूर्व विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित न हुए हो तो गैप सर्टिफिकेट (नोटरी का शपथपत्र) की मूलप्रति संलग्न करें।**
- जिन परीक्षार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र की आवश्यकता है वें निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त कर परीक्षा आवेदन पत्र के साथ इसकी मूलप्रति संलग्न करें।
- किसी भी परीक्षार्थी को एक सत्र में विश्वविद्यालय की एक से अधिक उपाधि/डिप्लोमा परीक्षाओं में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं है। (केवल डी.सी.ए. एक वर्षीय पार्ट टाईम पाठ्यक्रम को छोड़कर)
- परीक्षार्थियों के ऑनलाईन फार्म भरने के समय पिता/पति के नाम के कॉलम रखे गये हैं जिसमें विवाहित महिला परीक्षार्थी जिनकी अंकसूचियों में विश्वविद्यालय की प्रक्रिया के तहत उपनाम परिवर्तन हो चुका है वे ही अपने पति का नाम अंकित करें। अमहाविद्यालयीन महिला परीक्षार्थी यदि वह नाम परिवर्तन कर रही हैं, तो नाम परिवर्तन शुल्क राशि भी ऑनलाईन से जमा करेंगे। परीक्षा आवेदन पत्र भरने के उपरांत शपथ पत्र की मूल प्रति अन्य संलग्नकों के साथ जमा करेंगे तत्पश्चात ही उपनाम परिवर्तन मान्य किया जा सकेगा। इसी प्रकार यदि किसी परीक्षार्थी का गेप हो तो गेप के शपथपत्र की मूल प्रति भी जमा करना अनिवार्य होगा।

क्रमशः : 04 ......

- नियमित परीक्षार्थी अपना नामांकन अंक दर्शाये गये निर्धारित स्थान पर अनिवार्य रूप से अंकित करें।
- अमहाविद्यालयीन/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थियों को भी विषय/प्रश्नपत्र परिवर्तन करने की अनुमति नहीं है। विषय परिवर्तन करने पर परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त करने योग्य होगा।
- **प्रायोगिक विषय चयन करने की स्थिति में संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से यह प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करना आवश्यक है कि परीक्षार्थी ने निर्धारित चार सप्ताह का प्रायोगिक कार्य पूर्ण कर लिया है। अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उक्त प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।**
- प्रायः यह देखा जा रहा है कि प्रायोगिक विषय वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन, प्रायोगिक पंजीयन के बिना स्वीकार किए जाते हैं जो उचित नहीं है। अतः महाविद्यालयों में परीक्षार्थियों द्वारा पंजीयन के सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने पर ही उनके आवेदन स्वीकार किए जावें।
- यदि परीक्षार्थी ने पर्यावरण अध्ययन पूर्व में उत्तीर्ण कर लिया है तो प्रमाण स्वरूप उक्त अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करें।
- **स्नातकोत्तर परीक्षा में मनोविज्ञान एवं भूगोल विषय का चयन करने वाले अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी पहले संबंधित महाविद्यालय में अपना प्रायोगिक परीक्षा हेतु पंजीयन करा लेने के पश्चात ही अपना ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरें।**
- **अमहाविद्यालयीन (Private) एम.ए./एम.एससी. गणित से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी स्नातक (बी.ए./बी.एससी.) स्तर पर गणित विषय से उत्तीर्ण होने पर ही पात्र होंगे।**
- **अमहाविद्यालयीन (Private) एम.ए. भूगोल से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी स्नातक (बी.ए.) स्तर पर भूगोल विषय से उत्तीर्ण होने पर ही पात्र होंगे।**
- ऑनलाईन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की यह स्वयं की जवाबदारी है कि वह अपने शैक्षणिक अंकसूचियों/प्रमाण पत्रों की जानकारी दी है वह पूर्ण रूप से सही है तथा उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन करते समय दी गई जानकारी सही है तथा उनकी ही स्वच्छ छायाप्रति परीक्षा आवेदन पत्र के हार्डकॉपी के साथ संलग्न किए जा रहे हैं। जानकारी असत्य पाये जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्तर पर उनके परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त किए जा सकेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र की होगी।
- **प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों को अन्य महाविद्यालयों से उक्त विषय की प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान नहीं की जावेगी। अतः परीक्षार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि वे संबंधित महाविद्यालय में आयोजित होने वाली प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित न रहें।**
- परीक्षार्थी ऑनलाईन आवेदन भरने के पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना एवं परीक्षा आवेदन फार्म भरने हेतु जारी आवश्यक दिशा–निर्देशों का अवलोकन अनिवार्य रूप से कर लेवें, तत्पश्चात ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
- **प्रवेश पत्र जारी होने के पूर्व परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म में हुई त्रुटियों में सुधार किया जा सकता है। प्रवेश पत्र जारी होने के पश्चात किसी भी प्रकार की त्रुटियों को सुधारा नहीं जायेगा। अतः परीक्षार्थी अपने परीक्षा फार्म का भलिभांति अवलोकन कर लेवें और यदि कोई त्रुटियां हो तो सुधार करने के पश्चात ही परीक्षा केन्द्र में आवेदन जमा करें।**
- **महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में बैठक क्षमता से अधिक अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के आवेदन प्राप्त होने पर अन्य महाविद्यालयों में बैठक व्यवस्था की जावेगी फलस्वरूप पात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन स्वीकार किये जावे।**

कमश : 05 ......

निवास प्रमाण पत्र :—

- अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के लिए यह आवश्यक है कि वह विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में अर्थात दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, कबीरधाम, राजनांदगांव जिले का मूल निवासी हो अथवा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि से 12 माह पहले से निवास कर रहा/रही हो।
- निवास संबंधी उक्त शर्त को पूर्ण करने के लिए परीक्षार्थी को संबंधित जिले के जिलाधीश/तहसीलदार/नायब तहसीलदार अथवा अधिकृत सक्षम अधिकारी से प्राप्त निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
- राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अथवा नेवी/आर्मी/वायुसेना के कर्मचारी उनके सक्षम अधिकारी से अनुमति पत्र प्राप्त कर संलग्न करें। उन्हें निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

परीक्षा का माध्यम :—

- परीक्षा का माध्यम हिन्दी अथवा अंग्रेजी निर्धारित है। तदनुसार परीक्षार्थी परीक्षा का माध्यम चयन करें। इसी प्रकार स्नातकोत्तर स्तर पर संस्कृत भाषा के परीक्षार्थियों का माध्यम संस्कृत होगा। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा में संस्कृत भाषा में उत्तर देना अनिवार्य है।
- पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. के कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 15 फरवरी 2002 में लिये गये निर्णयानुसार दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क से छुट दिया जावेगा। ऐसे परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करते समय दृष्टिहीन संबंधी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे। उक्त दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन शुल्क वापसी हेतु आवेदन पत्र सहित परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा किया जाना आवश्यक होगा।

**महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी संलग्नकों सहित स्वीकार करने हेतु निर्देशः—**

- विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालय जिन्हें विश्वविद्यालय द्वारा कक्षाओं/विषयों/छात्र संख्या के अनुसार संबद्धता प्रदान की गई है, केवल उन विषयों के ही नियमित परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन पद्धति द्वारा भराए जायेंगे।
- संबंद्ध महाविद्यालय को जिन विषयों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता प्रदान नहीं की गई है, उनके नियमित परीक्षार्थियों से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी कदापि स्वीकार नहीं की जाए।
- परीक्षार्थियों द्वारा भरे हुए आवेदन की हार्डकॉपी को भलिभांति परीक्षणोपरांत ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें, अपात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन यदि किसी महाविद्यालय के अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा अग्रेषित किए जाते हैं तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित अधिकारी की होगी।
- अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र संलग्नकों सहित संबंधित महाविद्यालयों में ही जमा किए जायेंगे। अन्य महाविद्यालय द्वारा ऐसे आवेदन स्वीकार न करें जिसमें संबंधित महाविद्यालय का उल्लेख न हो।

क्रमश : 06 ......

## परीक्षा आवेदन पत्रों की कक्षा एवं शुल्क विवरण
### (नियमित / अमहाविद्यालयीन / भूतपूर्व / पूरक परीक्षार्थियों हेतु)

| क्र. | कक्षाएं जिनके परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हैं | नियमित | अमहाविद्यालयीन | भूतपूर्व | पूरक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए. / बी.कॉम. | 1100.00 | 1610.00 | 1100.00 | 820.00 |
| 2 | बी.एससी. / बी.एससी. (गृह विज्ञान) | 1130.00 | 1610.00 | 1130.00 | 1075.00 |
| 3 | बी.सी.ए. | 1810.00 | --- | 1810.00 | 1075.00 |
| 4 | एम.ए. / एम.कॉम. / एम.एससी. गणित (अमहा. वार्षिक) | --- | 1610.00 | 1610.00 | --- |
| 5 | बी. लिब. एण्ड इन्फॉर्मेशन साईंस | 1085.00 | --- | 1085.00 | --- |
| 6 | बी.ए. बी.एड. | 1250.00 | --- | 1250.00 | 820.00 |
| 7 | बी.एससी. बी.एड. | 1280.00 | --- | 1280.00 | 1075.00 |
| 8 | पी.जी. डिप्लोमा इन – टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट / साईकोलाजीकल गाइडेंस एण्ड काउंसिलिंग | 1190.00 | — | — | — |
| 9 | एम.फिल. इन क्लीनिकल साईकोलॉजी / सोशलवर्क | 1380.00 | — | — | — |

- <u>परीक्षार्थी शुल्कः– परीक्षार्थियों को शुल्क का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से **Debit/Credit/Net Banking/UPI** का उपयोग कर करना होगा।</u>
- <u>ऑनलाईन पेमेंट करने पर आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु परीक्षार्थी हेल्पलाईन नं. 8770934818, 7770874369 पर प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।</u>

- **परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त,अनिवार्य देय शुल्क जो कि उपरोक्त कुल परीक्षा शुल्क मे सम्मिलित हैं:–**
  1. अंकसूची शुल्क – रु. 40 –सभी
  2. छात्र कल्याण शुल्क – रु. 20 –सभी
  3. स्थाई निधि शुल्क – रु. 10 –सभी
  4. बिल्डिंग,फर्नीचर शुल्क – रु. 20 –सभी
  5. भौतिक कल्याण (फिजि. वेल.) शुल्क – रु. 50 –सभी
  6. केन्द्र शुल्क – रु. 60 –सभी
  7. ग्रंथालय शुल्क – रु. 30 –सभी
  8. कुलपति अकास्मिक सहायता निघि – रु. 10 –सभी
  9. पंजीयन शुल्क – रु. 70 –अमहा.
  10. अनुमति शुल्क – रु.170 –अमहा.
  11. परीक्षा विकास शुल्क – रु. 30 –अमहा.

- विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 17 / 11 / 2009 में पद क्रमांक 08 पर लिये गये निर्णयानुसार – **"Blind,Physically Handicapped and dyslexic students appearing for the University Examination are permitted to use an amanuensis and shall be allowed an additional one- hour (6o minutes)time for each paper.**

कमश : 07 ......

<u>आवश्यकतानुसार अन्य शुल्क इसके अतिरिक्त निम्नानुसार देय होगा :–</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अप्रवासन शुल्क | – रु. 360 –छ.ग. के बाहर के बोर्ड अथवा वि0वि. से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों के लिए<br>रु. 360–विदेशी छात्रों के लिए |
| 2. | विषय/प्रश्नपत्र/संकाय परिवर्तन शुल्क | – रु. 120 |
| 3. | विवाहोपरांत नाम/उपनाम शुल्क | – रु. 180 (केवल महिलाओं के लिए) |
| 4. | अतिरिक्त विषय(पर्यावरण अध्ययन) | – रु.180 स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में पर्यावरण अध्ययन विषय लेने पर अतिरिक्त विषय के रुप में शुल्क देना होगा। |
| **5.** | **श्रेणी सुधार शुल्क – निर्धारित शुल्क से** | **– दुगुना** |
| **6.** | **लघुशोध प्रबंध/प्रोजेक्ट (अनि. विषय)** | **– एम.ए./एम.एस –सी/एम.कॉम. –रु. 240**<br>**एम.फिल.–रू. 360, डिप्लोमा– रू. 240** |
| **7.** | **त्रुटि सुधार शुल्क** | **–रु.120** |

<u>अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीपः–</u>

1. पात्र परीक्षार्थियों की हार्ड कॉपी (समस्त संलग्नकों के साथ) परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
2. जिन नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित किए जायें उनकी कक्षा में उपस्थिति 75% होना अनिवार्य है।
3. परीक्षा शुल्क सूची/गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न)/नॉमिनल रोल प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड कर प्रयोग में लाया जाना है।
4. परीक्षार्थियों की पूर्व परीक्षाओं की स्व–प्रमाणित अंकसूचियाँ (यदि मूल अंकसूची अप्राप्त हो तो इंटरनेट से प्राप्त की गई अंकसूची) अनिवार्यतः संलग्न करवा कर ही आवेदन पत्र अग्रेषित किए जायें।
5. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के आवेदन पत्र की हार्डकॉपी को पात्रता न होने पर भी अग्रेषित कर दिया जाता है तथा विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षण किए जाने पर परीक्षार्थी का आवेदन निरस्त किया जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।
6. **<u>परीक्षा केन्द्र द्वारा अग्रेषित समस्त परीक्षा आवेदन फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में ही जमा किए जायेंगे।</u>**
7. **<u>उपरोक्त अंतिम तिथि के पश्चात परीक्षा केन्द्रों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने पर संबंधित परीक्षा केन्द्र को रू. 1000/– प्रतिदिन विलंब शुल्क देना होगा। यह सुविधा केवल 04 दिनों तक रहेगी। इसके पश्चात परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा नहीं किए जा सकेंगे।</u>**

---

## <u>अग्रेषणकर्ता अधिकारी के कार्यालय हेतु</u>

महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराई गई कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र एवं परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई हार्ड कापी (संलग्नकों सहित) दिनांक **30.12.2022** तक संबंधित परीक्षा केन्द्रों में अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित परीक्षा केन्द्र दिनांक **31.12.2022** तक उक्त आवेदनों को विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

क्रमशः : 08 ......

पृ.क्र.1554 / परीक्षा / वार्षिक / 22–23 दुर्ग, दिनांक : 30/11/2022

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय / तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. जिलाधीश, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम।
5. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम।
6. वित्त अधिकारी / उ.कु.स. अकादमिक / स. कु. स्थापना / गोपनीय एवं संबंधित परीक्षा कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
7. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
8. प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
9. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
10. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग / बेमेतरा / बालोद / राजनांदगांव / कबीरधाम को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)